# जनवरी 2014

# Most IMP Current Affairs




Crack GPSC

www.crackgpsc.com

# जनवरी 2014

www.crackgpsc.com

www.crackgpsc.com

# Most Imp Current Affairs – January 2014

1

- दिल्ली विधानसभा का पहला अधिवेशन शुरू। कांग्रेस विधायक मतीन अहमद अस्थाई विधानसभा अध्यक्ष।
- न्यूजीलैंड के कार्नी एंडरसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 36 गेंदों में शतक जमाकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। एंडरसन 14 छक्कों और छह चौकों की मदद 131 रन बनाकर रिकॉर्ड अपने नाम किया। इससे पहले पाकिस्तान के शाहिद आफरीदी ने श्रीलंका के खिलाफ 37 गेंदों में शतक बनाया था।
- राष्ट्रीय राजधानी में हर महीने 400 यूनिट तक की खपत करने वाले परिवारों को बिजली दरों में 50% सब्सिडी देने का फैसला। यह सब्सिडी 31 मार्च तक जारी रहेगी।
- संसद के मॉनसून सत्र में पारित नया भूमि अधिग्रहण कानून लागू। इसे 1894 के भूमि अधिग्रहण अधिनियम के स्थान पर लागू किया गया है। नये कानून का उद्देश्य किसानों को उचित मुआवजा देना है। नये कानून में, सरकारी और निजी भागीदारी वाली परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण करते समय प्रभावित लोगों में से कम से कम 70% लोगों की सहमति जरूरी। निजी कंपनियों को भूमि अधिग्रहण करते समय कम से कम 80% लोगों की सहमति लेनी होगी।
- डीबीटी योजना 18 राज्यों के 184 जिलों में लागू। इसके तहत रसोईगैस उपभोक्ताओं को आधार से जुड़े अपने बैंक खातों में 435 रूपये अग्रिम रूप से मिलेंगे, जिससे वे 14 किलो 200 ग्राम का एलपीजी सिलेंडर बाजार मूल्य पर खरीद सकें।
- बलि प्रथा पर आधारित फिल्म आस को दिल्ली अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह में सर्वश्रेष्ठ दर्शकों की पसंदीदा फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- वर्ष 2002 में गोधरा कांड के बाद गुजरात में भड़के दंगों की जांच कर रहे नानावती आयोग के कार्यकाल को गुजरात सरकार ने छह महीने का एक और विस्तार दिया। आयोग को 21वीं बार विस्तार दिया गया। विस्तार दिए जाने के बाद इसका कार्यकाल अब 30 जून 2014 तक होगा। आयोग के सचिव जीसी पटेल है। जीटी नानवती इससे पूर्व वर्ष 1984 के सिख विरोधी दंगों की जांच आयोग के अध्यक्ष रह चुके है। गुजरात सरकार ने 3 मार्च, 2002 को रिटायर्ड जस्टिस केजी शाह की अध्यक्षता में इस आयोग

www.crackgpsc.com

का गठन किया था। मई, 2002 में सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड न्यायाधीश गिरीश थाकोरलाल(जीटी) नानावती को इसका अध्यक्ष बनाया गया। नानावती आयोग ने वर्ष 2008 में रिपोर्ट का एक भाग गुजरात सरकार को सौंपा, जिसमें गोधरा स्टेशन पर साबरमती एक्सप्रेस के एस-6 कोच में लगी आग को सुनियोजित साजिश बताया गया।

- भारतीय मूल की शिक्षाविद आशा खेमका को ब्रिटेन के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार डेम कमांडर ऑफ द आर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही आशा खेमका अपने समुदाय से यह सम्मान प्राप्त करने वाली प्रथम व्यक्ति बन गई। यह ब्रिटिश साम्राज्य के महिला नाइटहुड सम्मान के बराबर है।
- भारत के राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने लोकपाल और लोकायुक्त विधेयक-2013 पर हस्ताक्षर किया। इसके साथ ही यह विधेयक अब अधिनियम बन गया है।
    - **मुख्य प्रावधान**:

      अधिनियम के अनुसार लोकपाल केंद्र स्तर का और लोकायुक्त राज्य स्तर पर होगा। लोकपाल में एक अध्यक्ष के साथ अधिकतम आठ सदस्य हो सकते हैं जिनमें से 50% सदस्य न्यायिक पृष्ठभूमि से होने चाहिए। लोकपाल के कुल सदस्यों में से 50% सदस्य अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यकों और महिलाओं में से होने चाहिए। लोकपाल के अध्यक्ष और सदस्यों का चयन एक चयन समिति के जरिए किया जाना चाहिए जिसमें भारत के प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, लोकसभा में विपक्ष के नेता, भारत के मुख्य न्यायाधीश या मुख्य न्यायाधीश द्वारा नामांकित सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश शामिल होंगें। इसके बाद भारत के राष्ट्रपति चयन समिति के पहले चार सदस्यों की सिफारिशओं के आधआर पर प्रख्यात विधिवेत्ता को नामित करेंगे। प्रधानमंत्री को लोकपाल के दायरे में लाया गया। इसके दायरे में विदेशी अंशदान नियमन अधिनियम (एफसीआरए) के संदर्भ में वे कोई/सभी संस्थाएं होंगी जो विदेशी स्रोतों से 10 लाख रुपये से ज्यादा का दान लेगीं। सीबीआई के निदेशक की सिफारिश उच्च शक्ति समिति द्वारा भारत के प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में की जाएगी। लोकपाल द्वारा संदर्भित मामलों की जांच कर रहे सीबीआई अधिकारियों के तबादले के लिए लोकपाल की मंजूरी की जरूरत होगी। अधिनियम में भ्रष्ट तरीकों से अर्जित की गई संपत्ति को जब्त करने का भी प्रावधान है चाहे अभियोजन का मामला लंबित ही क्यों न हो। अधिनियम में प्रारंभिक जांच और ट्रायल के लिए स्पष्ट समय सीमा निर्धारित की गई है। इसमें अधिनियम के लागू होने के 365 दिनों के

भीतर राज्य विधानमंडल द्वारा कानून के अधिनियम के जरिए लोकायुक्त संस्था की स्थापना का उल्लेख भी किया गया है।

- नासा ने 2013 वाईपी 139 नामक एक खतरे की संभावना वाला क्षुद्रग्रह खोजा। 2013 वाईपी 139 पृथ्वी से लगभग 43 मिलियन किमी दूर है। यह कोयले की तरह बेहद काला है। नियोवाइज के उन्नत सॉफ्टवेयर द्वारा अचल तारों की पृष्ठभूमि में इस घूमते हुए पिंड को पाया गया।

2

- लाट्विया यूरो ज़ोन का अठारहवाँ सदस्य देश बन गया। बाल्टिक सागर पर स्थित यह पूर्व सोवियत गणराज्य लाट्विया आर्थिक मंदी की छाया से निकल कर हाल ही में यूरोप की सबसे तेजी से वृद्धि करने वाली अर्थव्यवस्था के रूप में सामने आया है।
- मालदीव के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति अब्दुला यामिन अब्दुल गयूम सत्ता संभालने के बाद पहली सरकारी यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे।
- आम आदमी पार्टी (आप) की अल्पमत सरकार ने आज कांग्रेस, जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और एक निर्दलीय विधायक के समर्थन से विश्वास मत जीता।
- केंद्र ने जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीनीकरण योजना के तहत 7 राज्यों के 13 शहरों में 1080 बसों की मंजूरी दी।
- एक अमेरिकी आधारित जैवऔषधीय कंपनी सेफलॉन इंक ने भारतीय दवा निर्माता कंपनी ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स के खिलाफ पेटेंट उल्लंघन के परिणामस्वरूप मुकदमा दायर किया। ग्लेनमार्क ने पेटेंट की समाप्ति से पहले ही ल्यूकेमिया के इलाज की दवा के जेनेरिक संस्करण को अमेरिकी बाजार में बेचने की योजना बनाई।




www.crackgpsc.com

- भारत ने रिश्वत के आरोपों के चलते एंग्लो- इतावली फर्म अगस्ता वेस्टलैंड के साथ 12 वीवीआईपी हेलिकॉप्टर की आपूर्ति के लिए 3600 करोड़ रुपये के सौदे को रद्द कर दिया। इसका कारण अगस्ता वेस्टलैंड के 'विश्वसनीयता करार का उल्लंघन' है। इस सौदे में भारत द्वारा 360 करोड़ रुपये के भुगतान किया जा चुका है। भारत सरकार ने अगस्ता वेस्टलैंड से 12 वीवीआईपी हेलिकॉप्टरों की ख़रीद के लिए 8 अक्टूबर 2010 को सौदा किया था। कंपनी ने भारत को 3 हेलिकॉप्टर पहले ही दे दिए हैं। विवाद फरवरी 2013 में कंपनी के दो शीर्ष अधिकारियों की गिरफ्तारी के बाद सामने आया।
- डेनिएल स्टील को फ्रांस के सर्वोच्च सम्मान लीजन ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया।
- अमेरिका के कोलोराडो राज्य में नशीले पदार्थ मारिजुआना की बिक्री को 1 जनवरी 2014 से कानून के दायरे में लाकर वैधता प्रदान की गई।

3

- आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने महिलाओं की सुरक्षा के लिये 32 शहरों में सार्वजनिक परिवहनों में सी.सी.टी.वी. और जी.पी.एस. उपकरण लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसे दो वर्षो में लागू कर दिया जायेगा।
- मंत्रिमंडलीय समिति ने वर्ष-2014-15 के लिये टी.डी.-5 ग्रेड के जूट का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2400 रू. निर्धारित किया है।
- भारत - सऊदी अरब ने खाड़ी देशों में भारत के घरेलू सेवा श्रमिकों के हितों और अधिकारों की रक्षा के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। प्रवासी भारतीय मामलों के मंत्री वायलार रवि और सऊदी अरब के श्रम मंत्री अदेल बिन मोहम्मद फाकेह ने नई दिल्ली में इस समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- नासा की हब्बल दूरबीन ने 40 प्रकाश वर्ष दूर पृथ्वी जैसे एक ग्रह के वायुमंडल में बादल की मौजूदगी का पता लगाया है। इस ग्रह का नाम जीजे 1214बी है।
- भारतीय रिज़र्व बैंक ने स्पष्ट किया है कि बैंकों में ऐसे नोटों को स्वीकार करना जारी रहेगा जिन पर कलम से कुछ लिखा रहता है। हांलाकि रिजर्व बैंक ने यह भी कहा कि रुपये पर कुछ भी लिखना उसकी क्लीन नोट नीति के खिलाफ है।
- आम आदमी पार्टी के विधायक एम.एस. धीर दिल्ली विधानसभा के नए अध्यक्ष। कार्यवाहक अध्यक्ष मतीन अहमद ने आज सदन में इसकी घोषणा की। श्री धीर ने इस पद के लिए भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार जगदीश मुखी को हराया।

www.crackgpsc.com

- उरुग्वे के दैनिक अखबार एल पाइस द्वारा रोनाल्डिन्हो को दक्षिण अमेरिकी फुटबॉलर ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए चुना गया।
- दिल्ली सरकार ने 3 निजी बिजली वितरण कंपनियों के खिलाफ भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी) द्वारा ऑडिट कराने के आदेश दिए।
- कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ विधायक प्रद्युम्न सिंह 14वीं राजस्थान विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर चुने गए।

4

- बैंकिंग क्षेत्र की मीरा सान्याल ने आम आदमी पार्टी (AAP) में शामिल होने के लिए अंतर्राष्ट्रीय बैंक रायल बैंक ऑफ स्काटलैण्ड (इण्डिया) के भारतीय प्रचालन के प्रमुख पद से इस्तीफा दिया।
- भारत की सबसे बड़ी साफ्टवेयर सेवा कम्पनी टाटा कन्सलटेन्सी सर्विसेज (TCS) विश्व का सबसे बड़ा साफ्टवेयर ट्रेनिंग सेण्टर और लर्निंग कैम्पस केरल की राजधानी थिरुवनन्थापुरम स्थित टैक्नोसिटी में स्थापित करेगा।
- भारत ब्रिटेन के बाहर पहले विम्बलडन टेनिस टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। ब्रिटेन के महान टेनिस खिलाड़ी टिम हेनमेन भारत में जूनियर टेनिस को बढावा देने के लिये यहां नयी मुहिम शुरू करेंगे।
- वर्ष 2013 के साहित्य अकादमी पुरस्कार गुजराती भाषा के कवि चीनू मोदी को उनके काव्य-संग्रह खरा जारां के लिए दिया गया।
- विश्व ब्रेल दिवस को पूरे विश्व में मनाया गया। यह दिवस प्रति वर्ष लुई ब्रेल के जन्मदिन के स्मरणोत्सव के रूप में मनाया जाता है।

5

- पूर्व केंद्रीय दूरसंचार सचिव आर चंद्रशेखर ने नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसिस कंपनीज (नैसकॉम) के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। आर चंद्रशेखर ने सोम मित्तल का स्थान लिया। नैसकॉम 108 अरब डॉलर के भारतीय आईटी-बीपीएम (सूचना प्रौद्योगिकी और बिजनस प्रोसेस मैनेजमेंट) उद्योग का प्रतिनिधि संगठन है।
- सीरियाई राष्ट्रीय परिषद (एसएनसी) ने आगामी जिनेवा-2 शांति सम्मेलन में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है। एसएनसी सीरिया के राष्ट्रीय विपक्षी गठबंधन का प्रमुख अंग है।

www.crackgpsc.com

- दुनिया के नम्बर एक खिलाड़ी राफेल नडाल ने कतर ओपन टेनिस प्रतियोगिता जीत ली। उन्होंने गेइल मोनफिल्स को हराया।
- स्विटजरलैंड के स्टेनिस्लास वावरिंका ने चेन्नई ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। वावरिंका ने फ्रांस के एडुअर्ड रोजर वैसलीन को हराया।
- भारत ने पाकिस्तान को पराजित कर अंडर-19 एशिया क्रिकेट कप जीता। अंडर -19 एशिया क्रिकेट कप का फाइनल मैच आबूधाबी के शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। वाली भारतीय अंडर- 19  टीम का नेतृत्व विजय जोल ने किया।
- मलयालम मनोरमा के मुख्य संपादक और प्रबंध निदेशक माम्मेन मैथ्यू को लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक राष्ट्रीय पत्रकारिता अवॉर्ड प्रदान किया गया। लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पत्रकारिता अवॉर्ड केसरी महरत्ता ट्रस्ट के 133वें स्थापना दिवस समारोह में तिलकवाडा, पुणे में दिया गया।
- बीजी श्रीनिवास और यूबी प्रवीण राव को  इंफोसिस लिमिटेड कंपनी का अध्यक्ष 3 जनवरी 2014 को नियुक्त किया गया. बीजी श्रीनिवास राव को वैश्विक बाजार पर जबकि यूबी प्रवीण राव को वैश्विक वितरण और सेवा में नवीनता पर ध्यान देना है।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन - इसरो ने श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से देश में ही विकसित क्रायोजनिक इंजन वाले GSLV- D5 का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। भू-स्थिर कक्षा में जी सेट- 14 के सफलतापूर्वक प्रक्षेपण के साथ ही इसरो (भारत) अमेरिका, रूस, जापान, चीन और फ्रांस के बाद विश्व की छठी अंतरिक्ष एजेंसी बन गया जिसने स्वदेशी क्रायोजेनिक इंजन का सफल प्रक्षेपण किया। इसरो के अध्यक्ष राधाकृष्णन है। यह प्रक्षेपण भारत की ओर से जीएसएलवी का आठवां प्रक्षेपण है और यह जीएसएलवी की चौथी उड़ान है।

6

- ज विल्फ्रेड सोंगा के शानदार प्रदर्शन से फ्रांस ने होपमैन कप मिश्रित टेनिस टूर्नामेंट में पोलैंड को हराकर पहली बार खिताब जीत लिया। फाइनल मैच ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में खेला गया पोलैंड की टीम ने इस टूर्नामेंट में पहली बार हिस्सा लिया और फाइनल तक पहुंची।
- बरगढ़ की विश्व प्रसिद्ध धनु यात्रा शुरु। इस धनु यात्रा उत्सव के दौरान बरगढ़ शहर राजा कंस की राजधानी मथुरा नगरी में तब्दील हो जाता है जबकि पास का ही जीरा

www.crackgpsc.com

नदी के पार का अम्बपाली गांव भगवान कृष्ण का धाम गोपापुरा बन जाता है। दोनों शहरों के बीच बहने वाली जीरा नदी यमुना नदी का प्रतीक होती है।

- नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने भारत के विशाल हवाई क्षेत्र, उसके पड़ोसियों, उच्च समुद्री क्षेत्रों में उपग्रह आधारित हवाई नौवहन के लिए मार्ग प्रशस्त करते हुए महात्वाकांक्षी नौवहन प्रणाली - गगन के पहले चरण को प्रमाणित किया।
- देश में कोयला खनन परियोजनाओं को ससमय अनुमति प्रदान करने के उद्देश्य से कोयला मंत्रालय ने कोयला सचिव एस.के. श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया।
- मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने अल्पसंख्यक शिक्षा हेतु राष्ट्रीय निगरानी समिति की वार्षिक बैठक के दौरान मौलाना आजाद तालीम-ए- बालिगन योजना की घोषणा की। इस योजना का उद्देश्य अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय में उच्च साक्षरता दर हासिल करना है। यह योजना मुस्लिम बहुल साक्षर भारत के 61 जिलों में शुरू की जानी है। 978 करोड़ रूपये की इस प्रस्तावित योजना के तहत 9 लाख 20 हजार अल्पसंख्यक लड़कियों को प्रशिक्षित किया जाएगा।
- उरुग्वे के दैनिक अखबार एल पाइस द्वारा ब्राजील के फुटबॉल खिलाड़ी रोनाल्डिन्हो को दक्षिण अमेरिकी फुटबॉलर ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए चुना गया।

7

- भारत सरकार ने ब्रिटेन के खुदरा विक्रेता टेस्को को भारत के ब्राउनफिल्ड इकाई में निवेश करने की मंजूरी प्रदान की।
- मुनीश शारदा को निजी बीमा कंपनी फ्यूचर जनरली इंडिया लाइफ इंश्योरेंस का प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया।
- इंडियन बैंक्स एसोसिएशन ने आरबीआई से अनुरोध किया है कि महीने में एटीएम के नि:शुल्क असीमित प्रयोग को बंद किया जाये।
- भारत के महेश मनगांवकर ने फ्रांस के निमेस में आयोजित पीएसए वर्ल्ड टूर स्क्वॉश 2014 का खिताब जीता।

Most IMP Daily Current Affairs
Must Visit www.crackgpsc.com

www.crackgpsc.com

- अमेरिकी सीनेट ने केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व (फेड) के अध्यक्ष पद के लिए जैनेट येलेन के नाम पर सहमति। इसी के साथ अध्यक्ष के पद पर आने वाली पहली महिला बन गई हैं। वर्तमान अध्यक्ष बेन बर्नान्के का स्थान लेंगी।
- भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा भारतीय समाशोधन निगम लिमिटेड (सीसीआईएल) को विश्व स्तर पर कानूनी पहचानकर्ता इकाई चुना गया। सीसीआईएल भारत में विश्व स्तर पर कानूनी पहचानकर्ता इकाई (एलईआई) जारी करने के लिए स्थानी ऑपरेटिंग इकाई के तौर पर काम करेगा। एलईआई 20 अंकों वाला एक यूनीक पहचान कोड होगा जो वित्तीय लेन-देन करने वाले प्रत्येक दल को दिया जाएगा। सीसीआईएल यह कोड विश्व भर के वित्तीय बाजार में गैर- लाभकारी लागत वसूली के आधार पर योग्य कानूनी इकाई को प्रदान करेगा।
- छत्तीसगढ सरकार ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए टोल फ्री नंबर 1100 की शुरुआत की।
- भारत और जापान के मध्य सामरिक और वैश्विक भागीदारी को और मजबूत करने हेतु समुद्री सुरक्षा सहित रक्षा परामर्श और सहयोग को बढ़ाने का फैसला किया गया।
- चीन ने हाथियों की तेजी से घटती आबादी को बचाने के उद्देश्य से तस्करी में जब्त किए गए छह टन से अधिक हाथी दांतों को नष्ट कर दिया।
- सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति अशोक कुमार गांगुली (एके गांगुली) ने पश्चिम बंगाल मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। न्यायमूर्ति एके गांगुली ने यह इस्तीफा पश्चिम बंगाल के राज्यपाल एम के नारायणन **को** सौंपा। न्यायमूर्ति एके गांगुली पर एक ला इंटर्न के यौन उत्पीड़न का आरोप है।
- विंबलडन फाउंडेशन के साथ एचएसबीसी और अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) एक साथ मिलकर भारत में रोड टू विंबलडन को लांच किया। यह विंबलडन टेनिस घटना ब्रिटेन के बाहर पहली बार आयोजित की गयी. रोड टू विंबलडन कार्यक्रम का उद्देश्य देश में जूनियर टेनिस के विकास को बढ़ाने पर ध्यान दिया जाना है।

8

- भारत ने स्वदेश में निर्मित जमीन से जमीन पर मार करने वाले परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम पृथ्वी 2 का ओड़िशा के बालेश्वर जिले में चांदीपुर के पास समुद्र में स्थित एकीकृत परीक्षण केन्द्र से सफल परीक्षण किया। पृथ्वी 2 भारत के प्रतिष्ठित एकीकृत निर्देशित प्रक्षेपास्त्र विकास कार्यक्रम (आईजीएमडीपी) के तहत विकसित की गई

www.crackgpsc.com

पहली मिसाइल है। यह मिसाइल 500 से 1000 **किग्रा** आयुध ले जाने में सक्षम है। यह तरल ईंधन वाले दो इंजनों से संचालित होती है। इसे सही पथ पर ले जाने के लिए एक उन्नत निर्देशित प्रणाली इसमें लगी है। इसकी मारक क्षमता 350 **किमी** है।

- भारत सरकार ने देश **का पहला** व्यापक किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम जिसका नाम राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) है, की शुरूआत की। कार्यक्रम में किशोरें के यौन स्वास्थ्य पर खास ध्यान दिया जाना शामिल है। कार्यक्रम सात सी पर जोर देता है: कवरेज, कंटेंट, कम्युनिकेशन, कंसल्टिंग, क्लिनिक, कन्वर्जेंस।
- एक्सिस बैंक चीन में अपनी शाखा खोलनेवाला भारत का पहला निजी क्षेत्र का बैंक बना।
- फेसबुक ने भारत की बेंगलौर की एक नई आईटी कम्पनी लिटिल आइज लैब्स को 90 करोड़ रुपये में खरीदा है जो एण्ड्रायड फोन एप्लीकेशन्स पर नज़र रखने वाले टूल्स के विकास में संलग्न है। फेसबुक द्वारा भारत में खरीदी जाने वाली पहली कम्पनी।
- शास्त्रीय नृत्य शैली को बढ़ावा देने में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिल्ली की ओडिसी नृत्यांगना प्रीतिका कालरा गांधी को राष्ट्रीय नृत्य शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- चीन ने आंध्र प्रदेश के प्रस्तावित राष्ट्रीय निवेश एवं विनिर्माण क्षेत्र (एनआईएमजेड) का भागीदार बनने की घोषणा की। इस भागीदारी के तहत चीन तकनीकी और निवेश दोनों स्तर पर सहयोग करेगा।
- देश के हर नागरिक को वित्तीय व्यवस्था से जोड़ने पर सुझाव देने के लिए गठित नचिकेत मोर समिति ने अपनी रिपोर्ट भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को सौंप दी। देश के कोने-कोने में बैंक खोलने व लोगों को वित्तीय उत्पाद पहुंचाने पर यह रिपोर्ट मौजूदा व्यवस्था में व्यापक बदलाव के पक्ष में है। रिपोर्ट की पहली सिफारिश है कि सरकार को एक जनवरी, 2016 तक देश के हर नागरिक को बैंक खाता नंबर उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखना चाहिए। विदित हो कि भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर रघुराम राजन ने बैंकिंग विशेषज्ञ नचिकेत मोर की अध्यक्षता में इस समिति का गठन सितम्बर 2013 में किया था।
    - o **मोर समिति की सिफारिशें :** ब्याज में छूट और ऋण माफी जैसी योजनाओं को समाप्त करना, वैधानिक नकदी अनुपात धीरे-धीरे समाप्त करने या सरकारी बॉडों में निवेश का प्रतिशत कम करना, प्राथमिकता क्षेत्र को दिए जाने वाले ऋण की मौजूदा सीमा 40 % से बढ़ाकर 50 % करना, एक जनवरी 2016 तक हर वयस्क का



www.crackgpsc.com

बैंक अकाउंट हो, किसी भी हिस्से से सिर्फ 15 मिनट की पैदल दूरी पर बैंक शाखा हो, हर गरीब को उसकी सुविधा से कर्ज देने की व्यवस्था हो, गरीब परिवार को काफी कम प्रीमियम पर हर तरह का बीमा मुहैया हो, आधार नंबर के साथ ही बैंक खाता नंबर देने की व्यवस्था, एनबीएफसी को बैंकों के एजेंट के रूप में काम करने की अनुमति दी जाए, कर्ज माफी के बजाय सीधे किसानों को वित्तीय मदद मिले, गरीबों व छोटे उद्यमियों के लिए खास तौर पर एक बैंक स्थापित किया जाए।

9

- देश के पहले नौका म्यूजियम का उद्घाटन कोलकाता के कल्चरल रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीआरआइ) के अंबेडकर भवन में किया। इस म्यूजियम में मोहनजोदड़ो व हड़प्पा सभ्यता के समय की नौकाओं के साथ ही ब्रिटिशकाल की नौकाएं भी देखने को मिलेंगी।
- मध्यप्रदेश के आदित्य जोशी विश्व जूनियर बैडमिंटन रैंकिंग (अंडर-19) में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बने। आदित्य जोशी जूनियर विश्व रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंचने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी।
- सामाजिक कार्यकर्ता इला पाठक का संक्षिप्त बीमारी के बाद निधन। इला पाठक अहमदाबाद महिला कार्रवाई समूह (एडब्ल्यूएजी) की संस्थापक सचिव थीं। इला पाठक मूवमेंट फार सेक्युलर डेमोक्रेसी की सदस्य रहीं। वह अहमदाबाद महिला एक्शन ग्रुप (Ahmedabad Women's Action Group, AWAG) की संस्थापक सदस्य रहीं।
- तीन दिवसीय 12वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का आयोजन दिल्ली के विज्ञान भवन में शुरू हुआ। इस बार के प्रवासी भारतीय दिवस का ध्येय वाक्य है - प्रवासी सम्बद्धता : पीढ़ियों का जुड़ाव। हर साल 9 जनवरी को प्रवासी भारतीय दिवस का आयोजन किया जाता है। इसी दिन भारत के सबसे प्रसिद्ध प्रवासी महात्मा गांधी अपने वर्षों के दक्षिण अफ्रीकी प्रवास को समाप्त कर भारत लौटे थे। इस दिवस को मनाने की शुरुवात सन 2003 से हुई थी।
- भारत सरकार ने प्रवासी भारतीय युवाओं के लिए भारत को जानो नामक कार्यक्रम की शुरूआत की। इस कार्यक्रम की शुरूआत प्रवासी भारतीय दिवस 2014 के दौरान की गई। इसका उद्देश्य उन्हें अपने देश और अपने मूल के बारे में जानकारी उपलब्ध कराना है।

www.crackgpsc.com

- अली लारायेद : ट्यूनीशिया के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दिया। अली लारायेद के इस्तीफे के बाद मेहदी जोमा को ट्यूनीशिया के प्रधानमंत्री का कार्यभार सौंपा।
- भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सामूहिक निवेश योजना (सीआईएस) फंड्स में समस्त निवेश नकदी के बजाय बैंकिंग माध्यमों से करना अनिवार्य बना दिया। सेबी ने यह कदम इस तरह की योजनाओं के जरिये काले धन को सफेद बनाने (मनी लॉन्डरिंग) की गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए उठाया है।
- मॉर्टिन कार्लसेन सोर्बी को यूनिनॉर का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया। मॉर्टिन कार्लसेन सोर्बी ने, सिग्वे ब्रके का स्थान लिया। यूनिनॉर टेलिनॉर समूह और यूनिटेक समूह का संयुक्त उपक्रम है। टेलिनॉर एक दूरसंचार कंपनी है जिसका मुख्यालय ओस्लो, नार्वे में है।

10

- दक्षिण कोरिया की इस्पात निर्माता कंपनी पॉस्को को ओड़िशा में 52000 करोड रूपये का इस्पात संयंत्र लगाने की मंजूरी मिल गई। पॉस्को को यह मंजूरी दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति पॉर्क गुवेन हे के भारत दौरे से पहले दी गई है। पॉस्को परियोजना भारत में सबसे बड़ा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश है।
- केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिए नए मानक, जिसके तहत खिलाडी डोपिंग का दोषी पाया गया हो, या उसके खिलाफ मामला लंबित हो, तो वह खेल पुरस्कारों के योग्य नहीं होगा।
- कर्नाटक सरकार ने राजीव आरोग्य योजना का प्रारंभ किया। राजीव आरोग्य योजना के प्रारंभ होने के साथ ही कर्नाटक अपनी आबादी को सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया। इस योजना के तहत लाभार्थी को इलाज और प्रक्रियाओं पर होने वाले कुल खर्च का दस फीसदी ही देना होगा। इस योजना के तहत, एपीएल परिवार के सदस्यों को प्रतिवर्ष 1.5 लाख रुपये तक के इलाज करने का अधिकार है।
- समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण तथा भारत के सीफूड निर्यातक एसोसिएशन द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक अमेरिका दक्षिण-पूर्व एशिया को पीछे छोड़कर भारतीय सीफूड उत्पादों का सबसे बड़ा आयातक बन गया।

www.crackgpsc.com

- कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदयुरप्पा फिर अपनी मातृ पार्टी भाजपा में शामिल तथा उनके द्वारा भाजपा छोड़ कर बनाई गई पार्टी कर्नाटक जन पक्ष - ज्JP का भी भाजपा में विलय।
- परमाणु शक्तिसम्पन्न देशों द्वारा परमाणु पदार्थों को सुरक्षित रखने की क्षमता के आधार पर एक रिपोर्ट के अनुसार 25 देशों की इस सूची में भारत का स्थान 23वां।
- मध्यप्रदेश सरकार ने देसी शराब की दुकानों में भारत में बनी विदेशी शराब बेचने के मंत्रिमंडल के निर्णय को वापस लेने का निर्णय लिया। यह फैसला जहरीली शराब की बिक्री को रोकने के लिए लिया गया।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय युवा नीति 2003 के स्थान पर राष्ट्रीय युवा नीति 2014 के शुभारंभ की मंजूरी प्रदान की।
- पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (पीएसपीबी) ने 75वीं सीनियर राष्ट्रीय और अंतर राज्य टेबल टेनिस चैम्पियनशिप के पुरूष एवं महिला दोनों वर्गों का खिताब जीत लिया। पुरूष वर्ग में पीएसपीबी ने लगातार 12वीं बार यह खिताब जीता है।
- 7वीं वैश्विक बीमा शिखर सम्मेलन का आयोजन आंध्र प्रदेश की राजधानी हैदराबाद में किया गया। इस शिखर सम्मेलन का आयोजन भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग मंडल (एसोचैम) के राष्ट्रीय बीमा परिषद ने किया। शिखर सम्मेलन का मुख्य बिंदु बीमा प्रक्रिया को सरल बनाने और भारत की जनता को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने की जरूरत रहा।
- भारत के राष्ट्रपति ने 13 अनिवासी भारतीयों को नई दिल्ली में 12वें प्रवासी भारतीय दिवस के समापन अवसर पर प्रवासी भारतीय पुरस्कार प्रदान किया।
- खगोलविदों ने पृथ्वी के समान केओआई 314 सी और केओआई 314 बी नामक ग्रह की खोज की। यह ग्रह दूसरे सौर प्रणाली में मौजूद पृथ्वी के समान द्रव्यमान के जैसा ही है। यह 200 प्रकाश वर्ष की दूरी पर है।



11

- भारत के चुनाव आयोग (EC) ने देश के नए मतदाताओं का ऑनलाइन प्रणाली से पंजीकरण करने तथा मतदान सम्बन्धी नियमों की जानकारी देने के लिए प्रसिद्ध सर्च इंजन गूगल के साथ गठबंधन करने की योजना को वापस लेने की घोषणा कर दी। क्योंकि भारत के इतने महत्वपूर्ण तथा संवेदनशील आंकड़ों को अमेरिकी कम्पनी गूगल के साथ साझा करने को लेकर आशंकाओं का दबाव उस पर लगातार बढ़ता जा रहा था।
- प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने मुम्बई के छत्रपति शिवाजी अंतर्राष्ट्रीय हवाइअड्डे के नवनिर्मित टर्मिनल (टर्मिनल 2 या T2) का उद्घाटन किया। इस विशाल तथा अत्याधुनिक हवाई-अड्डे का निर्माण GVज़ एयरपोर्ट होल्डिंग्स कम्पनी के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम ने किया है।
- अमेरिका को पछाड़ कर ग्लोबल व्यापार में चीन वस्तुओं के निर्यात में दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था।
- संयुक्त राष्ट्र के महासचिव बान की मून तथा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने दक्षिण सूडान के राष्ट्रपति से राजनीतिक बंदियों की रिहाई का आह्वान किया है।
- इजरायल के पूर्व प्रधानमंत्री एरियल शैरोन का निधन। एरियल शैरोन 2006 से कोमा में थे।
- संयुक्त राष्ट्र और उसके भागीदारों ने सीरिया में चल रहे गृह युद्ध के बीच वहां के लाखों बच्चों को बचाने के लिए नो लॉस्ट जेनरेन इनिशिएटिव की शुरुआत की। नो लॉस्ट जेनरेशन संभावित नेताओं, शिक्षकों, इंजीनियरों, डॉक्टरों और इन सबसे उपर शांतीदूतों को बचाने पर जोर देता है जो पूरे समाज की समृद्धि की रक्षा करते हैं।
- अल- कायदा से जुड़े दलों ने फालुजा को नया राज्य घोषित किया। अल- कायदा से जुड़े दलों द्वारा कब्जा किए जाने के बाद इराक सरकार फालुजा शहर पर अपना सामरिक नियंत्रण खो दिया। बगदाद के पश्चिम में स्थित फालुजा के दक्षिणी हिस्से पर अब उग्रवादियों का नियंत्रण है।
- इंफोसिस के सह संस्थापक नंदन नीलेकणि कांग्रेस में शामिल होंगे। आधार कार्यक्रम के प्रमुख ने कहा कि वह लोकसभा चुनाव लड़ने को तैयार हैं।
- मलेशिया ने भारत से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) की एक शाखा मलेशिया की राजधानी क्वालालम्पुर में खोलने का आग्रह किया।

www.crackgpsc.com

12

- गुजरात में अहमदाबाद में साबरमती नदी के किनारे आज सुबह 26वां अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव शुरू हुआ। मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वार्षिक महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन किया।
- देश के अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों पर पहली मार्च से नये सीमा शुल्क नियम लागू हो जाएंगे। इसके तहत भारतीयों को विदेश से लौटने पर आव्रजन फॉर्म भरने की जरूरत नहीं पड़ेगी। नये नियमों के तहत केवल देश से बाहर जाते समय भारतीय नागरिकों को आव्रजन फॉर्म भरना पड़ेगा।
- महिलाओं के लिए भारत का पहला रिवॉल्वर निर्भीक जारी किया गया। निर्भीक रिवॉल्वर का निर्माण भारतीय आयुध निर्माण फैक्ट्री, कानपुर ने किया है। निर्भीक रिवॉल्वर इटेनियम मिश्र धातु से बना है तथा इसका वजन मात्र 500 ग्राम है। सबसे हल्के रिवॉल्वर होने के साथ भारत में बनाए गए रिवॉल्वरों में निर्भीक सबसे छोटा रिवॉल्वर भी है।
- 71वें ग्लोडन ग्लोब अवॉर्ड्स 2014 की घोषणा लॉस एंजिल्स में की गई। इसका आयोजन हॉलीवुड फॉरेन प्रेस एसोसिएशन द्वारा किया गया। वुडी एलेन को चार दशकों से भी अधिक समय से फिल्म लेखन, निर्माण एवं निर्देशन के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार दिया गया। सर्वश्रेष्ठ फिल्म (ड्रामा): 12 इयर्स अ स्लेव, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक: अलफांसो कौरोन (फिल्मः ग्रैविटी), सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री: केट ब्लैंकेट (फिल्मः ब्लू जैसमीन), सर्वश्रेष्ठ एनिमेटेड फीचर फिल्म: फ्रोजन, सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा की फिल्म: द ग्रेट ब्यूटी (इटली)।
- निकहत जरीन ने तीसरे नेशंस कप इंटरनैशनल बॉक्सिंग टूर्नामेंट का स्वर्ण पदक जीता।
- उत्तर प्रदेश के गोरखपुर रेलवे स्टेशन का प्लेटफॉर्म संख्या एक लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में विश्व के सबसे लंबे प्लेटफॉर्म के तौर पर दर्ज किया गया। गोरखपुर रेलवे स्टेशन का प्लेटफॉर्म संख्या एक की लंबाई 1355.40 मीटर है। इससे पहले पश्चिम बंगाल का खड़गपुर रेलवे स्टेशन (1072.5 मीटर) विश्व का सबसे बड़ा रेलवे प्लेटफॉर्म के तौर पर दर्ज था।
- बांग्लादेश के राष्ट्रपति अब्दुल हमीद ने बंगभवन में आवामी लीग पार्टी की नेता शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई।

Most IMP Daily Current Affairs
Must Visit www.crackgpsc.com

13

- भारत ने पिछले तीन वर्षों (2011 से) से पोलियो के एक भी मामले दर्ज किए बिना तीन वर्ष 13 जनवरी 2014 को पूरे किए।
- इरडा ने बीमा मध्यवर्ती संस्थाओं और तृतीय पक्ष प्रशासकों (टीपीए) में एफडीआई बढ़ाने के उपाय सुझाने हेतु सुरेश माथुर समिति गठित की।
- क्रिस्टियानों रोनाल्डो वर्ष २०१३ फीफा के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर बने। रोनाल्डो ने पिछले वर्ष रियाल मेड्रिड और पुर्तगाल के लिए ६९ गोल दागे थे। रोनाल्डो के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर बनने के कारण अर्जेंटिना के लियोनेल मैसी की लगातार चार साल से चल रही बादशाहत समाप्त हो गई है।
- दक्षिण अफ्रीका के लुई वूस्तुइज़ेन ने डरबन कंट्री क्लब में वोल्वो गोल्फ चैंपियंस का खिताब जीता।
- तेल और गैस संरक्षण पुरस्कार 2013 हेतु आंध्र प्रदेश का चयन किया गया। यह पुरस्कार, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अंतर्गत पेट्रोलियम कंजर्वेशन रिसर्च एसोसिएशन द्वारा दिया जाता है।
- विश्व की पहली बीमा प्रदान करने वाली बिटक्वाइन स्टोरेज सुविधा - एलेप्टिक वाल्ट की शुरूआत लंदन में की गई। इस सुविधा में विश्व की अत्यधिक लोकप्रिय वर्चुअल मुद्रा (डिज़िटल करेंसी) बिटक्वाइन के किसी कारण से नुक्सान होने अथवा चुराए जाने लिए बीमा सुरक्षा प्रदान की जायेगी। बिटक्वाइन एक ऐसी डिज़िटल मुद्रा है जिसे जटिल कम्प्यूटर नेटवर्क्स द्वारा इनके लिए किए कार्यों के एवज में काम करने वालों के मेहनताने के तौर पर जारी किया जाता है।
- आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने मिल गेट मूल्य योजना का नाम बदलकर यार्न आपूर्ति योजना करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।
- अमेरिका के जिमी वाकर ने सोनी ओपन गोल्फ टूर्नामेंट को जीत लिया।

14

- सीरिया को आर्थिक मदद देने वाले देशों का दूसरा सम्मेलन कुवैत में हुआ। भारत का प्रतिनिधित्व विदेश राज्यमंत्री ई० अहमद ने किया। सम्मेलन के अध्यक्ष - संयुक्त राष्ट्र महासचिव बान की मून।

www.crackgpsc.com

- भारत और जापान के तटरक्षकों का संयुक्त अभ्यास कोच्चि तट पर शुरू हुआ। भारतीय तटरक्षक जहाज आईसीजीएस सम्राट और जापान का तटरक्षक जहाज जेसीजी मिजोहो इस संयुक्त अभ्यास में भाग ले रहे हैं।
- अखिल भारतीय जूनियर चयन समिति ने महाराष्ट्र के विजय जोल को आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप के लिए भारत क्रिकेट टीम का कप्तान नियुक्त किया।
- इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) के निदेशक पी के गोयल को सर्वश्रेष्ठ मुख्य वित्तीय अधिकारी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार भारतीय चार्टर्ड लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा प्रदान किया गया।

15

- आज ६६वां सेना दिवस मनाया जा रहा है। १९४८ में इसी दिन जनरल के. एम. करियप्पा ब्रिटिश सेना के जनरल रॉय बूचर के स्थान पर स्वतंत्र भारत के प्रथम कमाण्डर इन चीफ बने थे। सेना प्रमुख जनरल बिक्रम सिंह हैं।
- बिल डे ब्लासियो ने न्यूयार्क के 109वें मेयर के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।
- भारत के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक SBI ने अपनी एटीएम (ETM) सेवाओं को आउटसोर्स करने के लिए इस क्षेत्र से सम्बन्धित वेंडर्स को इस काम के लिए आमंत्रित किया है। SBI ने पूरे देश में फैले 7,843 एटीएम का संचालन करने के लिए वेंडर्स को न्यौता दिया है।
- मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (AAP) सरकार ने दिल्ली में मल्टीब्राण्ड रिटेल क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) की प्रदान की गई अनुमति वापस लेने की घोषणा कर दी। इस प्रकार दिल्ली मल्टीब्रांड खुदरा में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को वापस लेने वाला देश का पहला राज्य बना।
- भारत की संसद के सबसे वरिष्ठ सदस्य राज्यसभा में कांग्रेस के सदस्य रिशांग कीसिंग ने घोषणा की है कि वे जल्द अपने राजनीतिक जीवन से सेवानिवृत्त हो जायेंगे।
- केन्द्र सरकार ने SEBI के अध्यक्ष यू.के. सिन्हा का कार्यकाल 2 वर्ष बढ़ाने का फैसला लिया है। अब सिन्हा 16 मार्च 2016 तक अपने पद पर रहेंगे।
- गुजरात उच्च न्यायालय ने अदानी समूह के गुजरात के मुन्द्रा (कच्छ) में स्थित अदानी पोर्टस एण्ड स्पेशल इकोनामिक ज़ोन (APSEZ) के भीतर स्थित सभी 21 इकाइयों में सभी वाणिज्यिक तथा निर्माण गतिविधियों पर रोक लगा दी।

www.crackgpsc.com

- अंजू बॉबी जॉर्ज को वर्ष 2005 में मोंटे कार्लो में आयोजित विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लंबी कूद का स्वर्ण पदक विजेता घोषित किया गया। रूस की तातयाना कोतोवा ने भारत की अंजू बॉबी जॉर्ज को पराजित कर विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2005 की स्वर्ण पदक जीता था। परन्तु डोपिंग परीक्षण में पाजिटिव पाये जाने के कारण तातयाना कोतोवा से स्वर्ण पदक लेकर अंजू बॉबी जॉर्ज को देने का निर्णय लिया गया।
- यूरोपीय संघ की संसद ने वाणिज्यिक वाहनों से कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन पर प्रतिबंध को मंजूरी प्रदान की।
- भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हांगकांग और मकाऊ को पाकिस्तान और चीन के साथ संवेदनशील देशों की सूची में शामिल कर लिया। हांगकांग और मकाऊ चीन द्वारा नियंत्रित विशेष प्रशासनिक क्षेत्र हैं। इसका अर्थ है कि हांगकांग और मकाऊ को भारत में व्यापार या इससे संबंधित गतिविधियों के लिए आरबीआई की पूर्व अनुमति लेनी होगी।

16

- ग्रामीण विकास मंत्रालय ने वन में रहने वाले अनुसूचित जनजाति के लोगों को मनरेगा के तहत 50 दिन का अतिरिक्त रोजगार देने का निर्णय लिया।
- भारतीय अमेरिकी वैज्ञानिक और अमेरिका के मेलॅन विश्वविद्यालय के अध्यक्ष सुब्रा सुरेश को द्रव्य विज्ञान एवं इंजीनियरिंग में उल्लेखनीय योगदान और नैनो यांत्रिकी कोशिका संरचना को बीमारी से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य के लिए चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेज का सदस्य नामित किया गया।
- एयर चाइना ने “चीन में सेवा देने वाली सर्वश्रेष्ठ चीनी एयरलाइन” खिताब 2013 जीता।



www.crackgpsc.com

- तमिल भाषा में योगदान को लेकर तमिलनाडु सरकार ने तिरूवल्लुवर दिवस के मौके पर आज ताईवानी कवि युशी को तिरूवल्लुवर पुरस्कार प्रदान किया।
- अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने 2014 को अपने महत्वपूर्ण प्रशासनिक लक्ष्यों को पूरा करने के लिए कार्रवाई करने का साल घोषित किया है।
- भारत और द. कोरिया के बीच व्यापार और वाणिज्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में नौ समझौतों पर हस्ताक्षर। समझौतों में गोपनीय सैन्य सूचना, अंतरिक्ष का शांतिपूर्ण इस्तेमाल तथा नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना में सहयोग शामिल हैं। दक्षिण कोरिया की राष्ट्रपति पाक ग्यून भारत की यात्रा पर आईं हुई है।
- आम आदमी पार्टी के विधायक विनोद कुमार बिन्नी ने पार्टी पर चुनावी वायदों और सिद्धान्तों से हटने का आरोप लगाया।
- कृषिमंत्री शरद पवार की अध्यक्षता में मंत्रिसमूह ने दो वर्षो में 40 लाख टन कच्ची चीनी निर्यात करने वाले चीनी उद्योग को रियायत की मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री ने चीनी उद्योग की समस्याओं को दूर करने के लिए मंत्रिसमूह का गठन किया था।
- विश्व बैंक ने अपनी वैश्विक आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट में विश्व बैंक ने वित्तवर्ष 2014-15 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6 % से अधिक रहने का अनुमान व्यक्त किया।
- ब्रिटिश प्रधानमंत्री डेविड कैमरून ने आपरेशन ब्लू स्टार में पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री मार्गरेट थैचर की भूमिका की जांच के आदेश दिये।
- गैरी केनेथ टूमी ने भारतीय एयरलाइन कम्पनी जेट एयरवेज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के पद से इस्तीफा दे दिया।
- राजीव खेर को भारत का नया वाणिज्य सचिव नियुक्त किया गया।

17

- इनकम टैक्स कमिश्नर संजय श्रीवास्तव को 15 दिन जेल की सजा। संजय श्रीवास्तव देश के पहले ऐसे इनकम टैक्स कमिश्नर हैं, जिन्हें दिल्ली हाईकोर्ट ने अवमानना के मामले में सजा सुनाई है। श्रीवास्तव पर अपनी कुछ महिला सहकर्मियों पर अश्लील टिप्पणी के जरिये यौन उत्पीड़न का आरोप था।
- सिराजुद्दीन कुरैशी को भारतीय इस्लामी सांस्कृतिक केंद्र (आईआईसीसी) का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

www.crackgpsc.com

- केंद्र सरकार ने कृत्रिम प्रजनन के लिए फ्रोजेन मानव भ्रूणों के आयात को मंज़ूरी प्रदान की।
- इसके साथ ही विदेशी दंपत्ति को फ्रोजेन मानव भ्रूण भारत लाने और उससे किराए की कोख के द्वारा बच्चा पैदा करवाने का अधिकार मिल गया।
- विश्व मुक्केबाजी परिषद के प्रमुख सुलेमान का निधन।
- भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की 139वीं वर्षगांठ पर मौसम विज्ञान आंकड़ों की डाटा प्रोसेसिंग करने वाली प्रणाली को राष्ट्र को समर्पित किया गया  यहाँ उपग्रह से लगातार मौसम की जानकारियां प्राप्त होंगी तथा आधुनिक प्रोसेसिंग प्रणाली की मदद से मौसम सम्बन्धी उच्च गुणवत्ता वाले फोटो इस प्रणाली द्वारा जारी किए जायेंगे।
- अभिजीत गुप्ता ने 12वां पार्श्वनाथ इंटरनेशनल ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट जीता।
- भारत की चार सदस्यीय महिलाओं की तलवारबाजी टीम पर तलवारबाजी विश्व कप प्रतियोगिता 2014 में भाग लेने से रोक लगा दी।

18

- केंद्रीय मंत्री शशि थरूर की पत्नी सुनंदा थरूर दिल्ली के होटल में मृत पाई गई।
- मुम्बई में मालाबार हिल इलाके में भगदड़ में कम से कम 17 लोग मारे गए। दाउदी बोहरा समुदाय के दिवंगत आध्यात्मिक गुरु डॉ सैयदना मोहम्मद बुर्हानुद्दीन को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ के समय भगदड़ हुई।
- पाकिस्तान के क्रिकेट पत्रकार कमर अहमद 400 क्रिकेट टेस्ट मैच कवर करने वाले इतिहास के तीसरे व्यक्ति बन गए।
- गोवा सरकार ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण 19.5% से बढ़ाकर 27% करने का निर्णय किया।
- भारतीय तटरक्षक के गश्ती जहाज अभिनव का वाइस एडमिरल अनुराग जी थपियाल द्वारा कोच्चि में जलावतरण किया गया। गश्ती जहाज अभिनव बीस तेज गश्ती जहाजों (एफपीवी) की श्रृंखला में तीसरा है, जिसका डिजाइन और  निर्माण कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा किया गया है।
- मिस्र और अमेरिका के पुरातत्ववेत्ताओं के एक दल ने 1650 ईसा पूर्व पुराना (अज्ञात) फराओ राजाओं का मकबरा खोजा।
- अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर और असम राज्य के लखीमपुर जिले में स्थित हरमुट्टी के मध्य रेल इंजन का परीक्षण किया गया।



www.crackgpsc.com

- 22वें स्क्रीन अवार्ड्स 2014 : दीपिका बेस्ट एक्ट्रेस, फरहान बेस्ट एक्टर, भाग मिल्खा भाग बेस्ट फिल्म, अमिताभ बच्चन को लाइफआइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा गया।
- तीसरे लूसोफोनिया गेम्स का आयोजन गोवा में शुरू हुआ। इन खेलों में पुर्तगाली भाषा बोलने वाले देश समुदाय से सम्बन्धित देश भाग लेते हैं।

19

- इस साल पुरूष हाकी विश्व कप की मेजबानी कर रहे हालैंड ने न्यूजीलैंड को हराकर पहला विश्व हाकी लीग खिताब अपने नाम कर लिया।
- मैडागास्कर के पूर्व वित्त मंत्री हेरी राजाओनारीमंपियानिना को राष्ट्र का राष्ट्रपति को निर्वाचित किया गया।
- सियर 67 तारा समूह में कक्षा की परिक्रमा करने वाले तीन नए एक्सोप्लानेट (सौरमंडल में पृथ्वी की तुलना में तारे की परिक्रमा करने वाले ग्रह) पाए गए हैं और उनमें से एक तारा ऐसा है जो लगभग सूर्य की तरह लग रहा है।
- आईआईएफसीएल ने संरचनात्मक वित्त के लिए एक्सपोर्ट-इंपोर्ट बैंक ऑफ़ कोरिया (के-एक्सिम) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- कप्तान मिताली राज ताजा आईसीसी महिला क्रिकेट ट्वेंटी 20 रैंकिंग में 7वें स्थान पर काबिज सर्वश्रेष्ठ भारतीय बल्लेबाज हैं जबकि गेंदबाजों की सूची में झूलन गोस्वामी 12वें नंबर पर हैं।

20

- धोनी 300 शिकार करने वाले दुनिया के चौथे और भारत के पहले विकेटकीपर बने। धोनी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच में रोस टेलर का कैच लेकर यह उपलब्धि हासिल की। वनडे में सर्वाधिक शिकार करने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के एडम गिलक्रिस्ट (472) के नाम पर है। धोनी ने अब तक 79 स्टंप आउट किए हैं और वह इस मामले में संगकारा (87) के बाद दूसरे स्थान पर हैं।
- हॉकी वर्ल्ड लीग : बेल्जियम से हार कर छठे स्थान पर रहा भारत। भारत के मंदीप सिंह को जूनियर प्लेअर ऑफ द टूर्नामेंट खिताब।
- राष्ट्रीय स्टाक एक्सचेंज (NSE), भारत ने वर्ष 2013 में लगातार दूसरे साल विश्व का सबसे बड़ा स्टाक एक्सचेंज (कुल इक्विटी सौदों के आधार पर) बने रहने का मुकाम हासिल किया।

- 11वीं स्टैण्डर्ड चार्टर्ड मुम्बई मैराथन 2014 में केन्या के धावकों का वर्चस्व रहा। पूर्ण मैराथन का ख़िताब इवान्स रातू ने जीता। महिलाओं के अंतरराष्ट्रीय वर्ग में इथियोपिया की डिकनेश मेकास पहले स्थान पर रहीं। भारतीय एथलीट्स वर्ग में करन सिंह राजपूत ने ख़िताब जीता। भारतीय महिलाओं का ख़िताब लगातार तीसरी बार ललिता बाबर ने जीता।
- कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम इंडिया (सीईआरटी-इन) ने डेक्सटर नामक वायरस की खोज की।

21

- संयुक्त राष्ट्र ने सीरिया संकट पर विचार विमर्श और समाधान के संबंध में होने वाले शांति सम्मेलन के लिए ईरान को भेजा निमंत्रण वापस ले लिया है। ईरान सीरिया में अस्थायी सरकार बनाने की योजना का समर्थन करने में विफल हुआ जो शांति सम्मेलन का आधार है।
- साइरस मिस्त्री को उनकी कृति क्रॉनिकल ऑफ ए कोर्प्स बियरर के लिए वर्ष 2014 का द डीएससी प्राइज फॉर साउथ एशियन लिटरेचर पुरस्कार प्रदान किया गया। उन्हें यह पुरस्कार जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 2014 में दिया गया।
- अरूणा एम. बहुगुणा को सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी हैदराबाद का निदेशक नियुक्त किया गया।
- पाकिस्तान के शहर पेशावर में 2013 में पोलियो के सबसे ज्यादा मामले पाए गए। विश्व स्वास्थ्य संगठन के विश्लेषण में यह भी कहा गया कि पाकिस्तान अकेला पोलियोग्रस्त देश है, जिसने वर्ष 2013 में पोलियो के वर्ष 2012 में सूचित किए गए मामलों से से भी अधिक मामले सूचित किए।
- केरल के वायनाड जिले में मानवरूपी आकृतियों के चित्र पाए गए।
- भारत सरकार ने जैन समुदाय को अल्पसंख्यक दर्जा प्रदान करने के प्रस्ताव को अपनी मंजूरी प्रदान कर दी।
- बांगुइ की मेयर कैथरलीन सांबा-पांजा केंद्रीय अफ्रीकी गणतंत्र (सीएआर) की अंतरिम राष्ट्रपति चुनी गई। इसके साथ ही वह इस पद पर बैठने वाली पहली महिला बन गईं। मिशेल जोटोटिया ने हिंसा रोकने में असफल होने और पूर्ववर्ती औपनिवेशिक सत्ता फ़्रांस और स्थानीय नेताओं के दबाव में आकर राष्ट्रपति पद से जनवरी 2014 को त्यागपत्र दे दिया था। कैथरलीन सांबा-पांजा पर देश में शांति बहाल करने की बड़ी जिम्मेदारी है,

www.crackgpsc.com

क्योंकि बांगुड़ में दो मुसलमानों की हत्या कर उन्हें जला दिए जाने की घटना से बांगुड़ हिंसा की चपेट में आ गया है।

- भारतीय रिज़र्व बैंक ने एक्सिस बैंक के पूर्व अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक अधिकारी पीजे नायक की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया। इस विशेषज्ञ समिति का गठन भारत में बैंकों के निदेशक-मंडलों के अभिशासन की समीक्षा करने के लिए किया गया। समिति में आठ अन्य सदस्य एस. रमन, शुभलक्ष्मी पनसे, प्रतीप कार, जॉयदीप सेनगुप्ता, हर्ष वर्धन, सोमशेखर सुंदरेसन, जे. सागर और कृष्णमूर्ति सुब्रमणियन हैं।
- विश्व शक्तियों (पी 5+1) के साथ एक अंतरिम समझौते के अनुसार ईरान ने अपने परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किये। ईरान ने यूरेनियम संवर्धन गतिविधियों को रोकने का कार्य शुरू कर दिया। विश्व शक्तियों से हुए समझौते के अनुसार ईरान को छह महीने के भीतर अपने प्रमुख परमाणु उपकरणों में कटौती करना है। इस समझौते के तहत ईरान अपने 5% से अधिक शुद्धता वाले यूरेनियम संवर्धन को रोकेगा एवं लगभग 20% शुद्धता वाले संवर्धित यूरेनियम को प्रभावहीन करेगा।

22

- गयास्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में भारतीय मूल के वैज्ञानिक एवं प्रोफेसर (अवकाश प्राप्त) आरोग्यस्वामी जोसफ पॉलराज को वर्ष 2014 के प्रतिष्ठित मारकोनी सोसायटी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें मिमो (एकाधिक इनपुट एकाधिक आउटपुट) एंटेना के सिद्धांत एवं आवेदन के विकास के लिए सम्मानित किया गया। पॉलराज की खोज से एकाधिक एंटेना के प्राप्त एवं संचारण के उपयोग से मल्टीमीडिया सेवाओं की दुनिया में वायरलेस वितरण की गति में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। मार्कोनी पुरस्कार दूरसंचार के माध्यम से मानवता की सेवा में योगदान करने वाले व्यक्तियों को दिया जाता है। यह पुरस्कार रेडियो आविष्कारक गुगलिएल्मो मारकोनी की बेटी गिओया मारकोनी ब्रामा द्वारा स्थापित किया गया।

Most IMP Daily Current Affairs
Must Visit www.crackgpsc.com



www.crackgpsc.com

- भारत के उप-राष्ट्रपति एम. हामिद अंसारी ने "इंडियाज पॉलिटिकल एंड फॉरन रिलेशन विद टू गल्फ रीजन" नामक पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक प्रो. ए. के. पाशा द्वारा सम्पादित की गई।
- सीरिया के बारे में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन स्विट्जरलैंड के मोंत्रां में हो रहा है। सम्मेलन शुरू होने से सिर्फ २४ घंटे पहले संयुक्त राष्ट्र महासचिव बान-की-मून ने ईरान को भेजा गया निमंत्रण वापस ले लिया।
- विश्व आर्थिक मंच की बैठक स्विटजरलैंड में दाओस में जारी। इस वर्ष का विषय है - विश्व का पुर्ननियोजन। इस सम्मेलन का उद्देश्य निर्धन और धनी देशों के बीच अन्तर को खत्म करना है। यह सम्मेलन ऐसे समय हो रहा है जब वैश्विक व्यवस्था के मंदी से उबरने के संकेत मिल रहे हैं। इसमें भारत का नेतृत्व वित्तमंत्री पी. चिदम्बरम कर रहे हैं।
- पश्चिमी एशियाई राष्ट्र सीरिया में गृह युद्ध को समाप्त करने हेतु दूसरे दौर की जेनेवा 2 शांति वार्ता में भारत प्रथम बार वार्ताकार बना।
- असमिया भाषा हेतु वर्ष 2013 के साहित्य अकादमी पुरस्कार रवींद्र सरकार को उनके कविता संग्रह धुलियोरी भारिर सांस के लिए दिया गया। साहित्य अकादमी की स्थापना 12 मार्च 1954 को गयी थी। अकादमी का मुख्यालय नई दिल्ली में है। साहित्य अकादमी के वर्तमान अध्यक्ष विश्वनाथ प्रसाद तिवारी अकादमी के पहले ऐसे अध्यक्ष है, जिनका संबंध हिंदी भाषा साहित्य से है. साहित्य अकादमी का वार्षिक पुरस्कार 24 भाषाओं में दिया जाता है।
- रेल मंत्रालय को रेलवे के किराए के संबंध में सलाह देने के उद्देश्य से केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रेल प्रशुल्क प्राधिकरण (Rail Tariff Authority, आरटीए) की स्थापना को को मंजूरी प्रदान की। रेल प्रशुल्क प्राधिकरण एक सलाहकार निकाय होगा। रेल प्रशुल्क प्राधिकरण (आरटीए) में एक अध्यक्ष और चार सदस्य होंगे। आरटीए देश के रेल क्षेत्र का पहला बाहरी मूल्य निर्धारण नियामक संस्था है। समय- समय पर लागत और बाजार की हालात को देखते हुए रेलवे के किराए में संशोधन की सिफारिश करना। रेल प्रशुल्क प्राधिकरण (आरटीए) द्वारा की गई सिफारिशों को सामान्यतः रेल मंत्रालय को मानना होगा परन्तु किसी कारण से रेल मंत्रालय सिफारिशों को मानने से इंकार करता है तो वह उसे फिर से आरटीए को समीक्षा के लिए भेज देगा। कैलाश मेघवाल 14वीं राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष सर्वसम्मति से चुने गये। राजस्थान की वर्तमान राज्यपाल मार्गेट अल्वा है।

- कालेधन और नकली नोटों की समस्या से निपटने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने 2005 से पहले जारी सभी करेंसी नोट वापस लेने का फैसला किया है। 2005 से पहले जारी सभी करेंसी नोट 31 मार्च 2014 के बाद वापस लिए जाएंगे। 2005 के पहले छपे नोटों पर प्रिंटिंग का साल नहीं छपा है। वहीं 2005 के बाद छपे नोटों में आप साल देख सकते हैं।
- दिल्ली महिला आयोग ने हाल में दक्षिण दिल्ली में युगांडा की कुछ महिलाओं के घर में आधी रात को छापेमारी के दौरान उनसे मारपीट करने के आरोप को लेकर दिल्ली के विधि मंत्री सोमनाथ भारती को अपने सामने पेश होने का सम्मन भेजा है।
- पासवर्ड प्रोटेक्शन और डेटा सुरक्षा के क्षेत्र में काम करने वाली सॉफ्टवेयर फर्म 'स्प्लैशडेटा' ने वर्ष 2013 के 25 सबसे घटिया पासवर्ड की सूची जारी की है, और 2013 में दुनिया का सबसे घटिया पासवर्ड रहा, 123456 जो पिछले दो साल से लगातार दूसरे नंबर पर था। (1) 123456 (2) password (3) 12345678
- थाईलैंड में भारी विरोध प्रदर्शनों का सामना कर रही पूर्व प्रधानमंत्री यिंगलक शिनावात्रा के नेतृत्व वाली सरकार ने मंगलवार को राजधानी बैंकॉक और आसपास के इलाकों में 60 दिनों का आपातकाल घोषित कर दिया।
- महेश भूपति ने ऑस्ट्रेलिया के मेलबोर्न में अंतरराष्ट्रीय टेनिस प्रीमियर लीग का शुभारंभ किया। अंतरराष्ट्रीय टेनिस प्रीमियर लीग एशिया में अपनी तरह का पहला प्रयास है।
- डॉ. तेजवीर सिंह को पर्यटन के क्षेत्र में ज्ञान के सृजन और प्रसार में उत्कृष्टता के लिए यूएनडब्ल्यूटीओ यूलीसेस पुरस्कार 2013 प्रदान किया गया। डॉ. तेजवीर सिंह भारत में पर्यटन अनुसंधान और विकास केंद्र (सीटीआरडी) के प्रोफेसर एवं संस्थापक निदेशक हैं। यूलीसेस पुरस्कार पर्यटन के क्षेत्र में शिक्षा एवं अनुसंधान के विकास में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया जाता है। डॉ. तेजवीर सिंह ने भारत पर विशेष फोकस के साथ पर्यटन शिक्षा एवं अनुसंधान के प्रयोजन के लिए समर्पित एक गैरसरकारी संगठन सीटीआरडी की स्थापना 1976 में की थी। डॉ. सिंह 'टूरिज्म रिक्रिएशन रिसर्च' के संस्थापक संपादक हैं। यह पर्यटन के क्षेत्र में गहन पर्यटन-अनुसंधान शुरू करने वाली तथा एशिया में अत्यधिक लोकप्रिय अंतरराष्ट्रीय पर्यटन पत्रिका है।

Most IMP Daily Current Affairs
Must Visit www.crackgpsc.com

23

- भारतीय मूल के अमेरिकी उद्यमी चेत कनौजिया ने एक ऐसा लघु एंटिना ईजाद किया है जो टेलीविजन सिग्नल पकड़कर उसे इंटरनेट के जरिये उपभोक्ताओं को भेजने में सक्षम है। उनके इस आविष्कार ने अमेरिकी टीवी उद्योग में खलबली पैदा कर दी है। कनौजिया की कंपनी एयरो, एबीसी, एनबीसी और सीबीएस जैसी प्रसारण कंपनियों के लिए खतरा बन गई है और वह अमेरिकी उच्चतम न्यायालय में इन कंपनियों से कानूनी लड़ाई लड़ रही है। लघु एंटिना उपभोक्ताओं को किसी भी उपकरण पर इंटरनेट के जरिये प्रसारण देखने या रिकार्ड करने की सहूलियत देता है और इसके लिए किसी तार या केबल बॉक्स की जरूरत नहीं है। कंपनी यह काम प्रत्येक उपभोक्ता को एक रिमोट एंटिना एवं एक डीवीआर देकर करती है।
- भारत की पुरुष वालीबॉल टीम ने मकाउ को हराकर लूसोफोनिया खेलों का स्वर्ण पदक जीत लिया। इससे पहले भारत की महिला वालीबॉल टीम ने भी मोजांबिक को हराकर स्वर्ण पदक जीता था।
- मार्स अपर्च्यूनिटी रोवर ने मंगल ग्रह पर एक अनोखे गोलाकार चट्टान का पता लगाया है। नासा के कैलिफोर्निया स्थित जेट प्रोपल्सन लैबोरेटरी ने बताया कि रोवर के कैमरे से ली गई तस्वीर से एक अनोखे गोलाकार चट्टान का पता चला है। 'पिनैक्कल आईलैंड' नाम का यह चट्टान कोई उल्का पिंड रहा होगा। अभियान दल के मुख्य वैज्ञानिक स्टीव स्कवैयर्स। इसमें अत्यधिक मात्रा में गंधक और मैग्नेशियम है। हमनें मंगल पर अब तक जो चट्टान देखे हैं उनसे दोगुना मात्रा में इसमें मैंगनीज है।
- एक नए अध्ययन में दावा किया गया है कि करीब 4,000 साल पहले भारत और पाकिस्तान में लभगग 10 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैली सिंधु घाटी की सभ्यता हिंसा और संक्रामक रोगों के चलते नष्ट हुई। पुरातात्विक अध्ययनों से पता चला है कि सिंधु घाटी के शहर 2200-1900 ईसा पूर्व से तेजी से विकसित हुए थे।



www.crackgpsc.com

- झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता और झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुधीर महतो का दिल का दौरा पड़ने निधन हो गया। वर्ष 2005 में झारखंड विधानसभा में विपक्ष के नेता भी रहे। वर्ष 2006 में मधु कोड़ा सरकार में उपमुख्यमंत्री बनाए गए।

24

- भारतीय मूल के अमेरिकी प्रोफेसर राकेश खुराना हार्वर्ड कॉलेज के डीन नियुक्त। ये कॉलेज स्नातक डिग्री कार्यक्रम संचालित करता है। वह हार्वर्ड बिजनेस स्कूल (HBS) में नेतृत्व विकास के, एवं कला और विज्ञान संकाय में समाजशास्त्र के प्रोफेसर है।
- भारत और जापान ने पर्यटन के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने के लिए ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर गरुड़ वसुधा को बंगलौर में राष्ट्र को समर्पित किया। इस हेलीकॉप्टर में हेलीबॉर्न जिओफिजिकल सर्वेक्षण प्रणाली (एसजीएसएस) लगी है। 'गरुड़ वसुधा' ध्रुव श्रेणी का हेलीकॉप्टर है, जिसे एचएएल तथा एचजीएसएस द्वारा स्वदेशी तकनीक से निर्मित किया गया है। इस हेलीकॉप्टर का प्रयोग छुपी हुई खनिज सम्पदा की खोज के लिए भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) द्वारा सघन सर्वेक्षणों के लिए किया जाएगा।
- वित्त मंत्रालय ने संगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए न्यूनतम 1000 रूपए पेंशन देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। सरकार न्यूनतम मासिक पेंशन देने के लिए 1200 करोड़ रूपये से ज्यादा की राशि का अतिरिक्त योगदान देगी।
- लोकसभा के पूर्व महासचिव पी.डी.टी. आचार्य द्वारा लिखित पुस्तक 'रिसर्जेंट इंडिया - ग्लिमसेज ऑफ राजीव गांधीज विजन ऑफ का विमोचन किया गया।
- केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस तथा पर्यावरण और वन मंत्री डॉ. एम वीरप्पा मोइली पंडित हरिदत्त शर्मा पुरस्कार से सम्मानित। एम. वीरप्पा मोइली भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से संबंधित भारतीय राजनीतिज्ञ हैं। एम. वीरप्पा मोइली "श्री रामायण महाव्यास्नाम" नामक महाकाव्य की कन्नड़ भाषा में रचना की जो कि पांच खंडो में विभक्त है। भारत सरकार ने एम. वीरप्पा मोइली को दूसरे प्रशासनिक सुधार आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है।
- ऑस्ट्रेलिया की ट्वेंटी-20 टीम के स्पिन कोच बने शेन वार्न। शेन वॉर्न ने वर्ष 2008 में इंडियन प्रीमियर लीग के पहले संस्करण में क्रिकेट खेलने के लिए हस्ताक्षर किए राजस्थान रॉयल्स टीम के लिए एक कोच एवं कप्तान की भूमिका निभाई। शेन वॉर्न

www.crackgpsc.com

को वर्ष 2000 में क्रिकेट विशेषज्ञों के एक पैनल द्वारा सदी के पांच विजडन क्रिकेटरों में शामिल किया गया था। इस सूची में चयनित होने वाले एकमात्र विशेषज्ञ गेंदबाज थे।

- भारत सरकार द्वारा देशभर में 24 जनवरी 2014 को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया।
- दक्षिण सूडान सरकार और विद्रोहियों ने संघर्ष समाप्त करने के लिए युद्धविराम समझौते पर अदीस अबाबा में हस्ताक्षर किए।
- ब्रिटिश टेलीकॉम और फ्रांस की नेटवर्किंग कंपनी अल्काटेल ल्यूसेंट के वैज्ञानिकों अबतक की सबसे इंटरनेट स्पीड विकसित की है। एक सेकेंड में अब हाई डेफिनेशन क्वालिटी की 44 फिल्में डाउनलोड की जा सकती है। इस ब्रॉडबैंड की रफ्तार 1.4 टेराबाइट्स यानी 1,83,501 एमबीपीएस प्रति सेकंड है। हमारे देश में अभी ब्रॉडबैंड की औसत रफ्तार 10.6 एमबीपीएस है। यानी नया ब्रॉडबैंड इससे 18,350 गुना अधिक तेज है। एक अच्छी बात यह है कि कंपनियां मौजूदा इंफ्रास्ट्रक्चर पर ही नया इंटरनेट सेवा मुहैया करा सकती है।
- मंगल ग्रह के अभियान पर गए नासा के रोवर ऑपरचुनिटी के नए साक्ष्यों के अनुसार लाल ग्रह पर करीब चार अरब वर्ष पहले जीवन के लिए आवश्यक ताजा पानी मौजूद था। नासा ने बताया कि उसके रोवर ऑपरचुनिटी द्वारा एकत्र किए गए चट्टानों के साक्ष्यों से पता चलता है कि पुरातन काल में ग्रह पर पानी ताजा था। हमें अभी तक प्राप्त हुए अम्लीय जल के साक्ष्यों के मुकाबले यह साक्ष्य पुराने हैं।
- अमेरिकी खाद्य एवं दवा प्रशासन (यूएसएफडीए) ने रैनबैक्सी के पंजाब स्थित टोंसा संयंत्र में एक्टिव फार्मास्युटिकल इनग्रिडिएंट्स (एपीआई) का इस्तेमाल कर विनिर्मित दवाओं के अमेरिका में वितरण पर पाबंदी लगा दी।
- डीएमके प्रमुख करुणानिधि के पुत्र एम के अलागिरि पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण पार्टी से निलंबित।

25

- भारतीय निर्वाचन आयोग ने 25 जनवरी 2014 को देश भर में चौथा राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर वर्ष 25 जनवरी को मनाया जाता है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर देशभर के मतदाताओं को जागरूक किया जाता है। पहला राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी, 2011 को मनाया गया था। दरअसल 25 जनवरी 1950

www.crackgpsc.com

को भारत निर्वाचन आयोग का गठन हुआ था और इस लिहाज से यह शुभ दिन लोकतंत्र के इस अधिष्ठान का स्थापना दिवस भी है।

- महंगी साइकिल बेचने वाली कंपनी फायरफाक्स ने ग्राहकों को उनकी साइकिल के लिए बीमा कवर उपलब्ध कराने के वास्ते फ्यूचर जेनेरली इंश्योरेंस के जरिए टोयोटा त्सुशो इंश्योरेंस ब्रोकर (इंडिया) के साथ गठबंधन किया है। कंपनी ने 10,000 रुपए या इससे अधिक मूल्य की सभी साइकिलों के लिए नि:शुल्क बीमा पालिसी पेश की है। बीमा कवर के दायरे में 50,000 रुपए का थर्ड पार्टी कानूनी देनदारी, साइकिल के स्वामी के लिए एक लाख रुपए का दुर्घटना बीमा उपलब्ध है और बीमा पालिसी की मियाद तीन साल की है।
- गौरव - हाकी इण्डिया लीग (HIL) के जारी किए गए नए शुभंकर (mascot) का नाम। गौरव एक बाघ है।
- राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) ने देश भर में 2648 गांवों में कानूनी सेवा क्लीनिक का शुभारंभ किया। भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति पी. सदाशिवम ने नई दिल्ली में मुफ्त कानूनी क्लीनिक का उद्घाटन किया। नियमन के अनुसार, एनएएलएसए देश के प्रत्येक तहसील में एक गांव में ग्रामीण कानूनी सेवा क्लीनिक की स्थापना करेगा।
- डीआरडीओ के महानिदेशक तथा रक्षा मंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार अविनाश चंदर द्वारा ध्रुव 3 का उद्घाटन उन्नत अंकीय अनुसंधान तथा विश्लेषण समूह (ANURAG), हैदराबाद में किया गया। ध्रुव-3 एक उच्च स्वदेशी निष्पादन कम्प्यूटिंग सिस्टम है। इसको रक्षा अनुसंधान विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा महत्वपूर्ण रक्षा अनुसंधान एवं विकास अनुप्रयोगों को हल करने के लिए डिजाइन किया गया है।

26

- ऑस्ट्रेलियन ओपन : ली ना बनीं महिला एकल खिताब की विजेता। चीन की ली ना डोमिनिका सिबुलकोवा को हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट जीतने वाली सबसे उम्रदराज महिला खिलाड़ी बन गई।
- स्विट्जरलैंड के स्टानिस्लास वावरिंका ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी रफेल नडाल को हराकर जीता ऑस्ट्रेलियन ओपन का पुरुष एकल का खिताब। वावरिंका ने अपने कैरियर का पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता।

www.crackgpsc.com

- ऑस्ट्रेलियन ओपन : फ्रांस की क्रिस्टीना म्लादेनोविच और कनाडा की डेनियल नेस्टर की जोड़ी ने भारत की सानिया मिरजा और रोमानिया के होरिया तेकाऊ को हराकर मिक्स्ड डबल्स का खिताब जीता।
- बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने पी. वी. सिंधु को मात देकर वर्ष 2014 का सैयद मोदी इंटरनेशनल इंडिया ग्रां प्री गोल्ड बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल का खिताब जीता।
- जापान के प्रधानमंत्री शिंजो एबे ने दिल्ली मेट्रो के विस्तार के लिए दो अरब डॉलर का कर्ज देने का ऐलान किया। मेट्रो के तीसरे चरण के विस्तार पर करीब 35,242 करोड़ रुपये की लागत आएगी। तीसरे चरण के विस्तार में 67 स्टेशन बनने हैं। इसके मार्च, 2016 तक पूरा होने का अनुमान है।
- देश के 65वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए जापान के प्रधानमंत्री शिंजो अबे। शिंजो आबे भारत की गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि बनने वाले जापान के पहले प्रधानमंत्री।
- महात्मा गांधी की पौत्री इला गांधी को आजादी की लड़ाई के लिए उनके आजीवन योगदान हेतु दक्षिण अफ्रीका में एमाडेलकुफा से सम्मानित किया गया। दक्षिण अफ्रीका की जुलु जाति की भाषा जुलु में एमाडेलकुफा का मतलब है बलिदान। इला गांधी का जन्म 1 जुलाई 1940 को दक्षिण अफ्रीका में हुआ था। वे देश में एक शांति कार्यकर्ता हैं। वह वर्ष 1994 से 2004 के बीच दक्षिण अफ्रीका में संसद की एक सदस्य थीं। रंगभेद के दौरान, इला गांधी को राजनीतिक सक्रियता के कारण 1975 में प्रतिबंध लगाया गया था और नौ वर्षों की गृहबंदी बनाया गया था।
- दुनिया की अर्थव्यवस्था की सजग आशावाद की भावना के साथ स्विट्जरलैंड के शहर दावोस में विश्व आर्थिक मंच की पांच दिवसीय सालाना बैठक संपन्न हो गई। विश्व आर्थिक मंच की बैठक में करीब 2,500 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।




www.crackgpsc.com

- वर्ष 2013 के लिए आइडिया फ़िल्मफ़ेयर पुरस्कारों (59वें) में सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म का पुरस्कार फ़िल्म भाग मिल्खा भाग को दिया गया। समारोह का आयोजन मुंबई में किया गया। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार फ़रहान अख़्तर (फ़िल्म 'भाग मिल्खा भाग') को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार दीपिका पादुकोण (फिल्म 'गोलियों की रासलीला') को। अभिनेत्री तनुजा लाइफ़टाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित।
- राष्ट्रीय सांप्रदायिक सद्भावना पुरस्कार 2013: समाज एवं धर्मनिरपेक्षता अध्ययन केंद्र (सीएसएसएस), मुंबई को संगठन श्रेणी में राष्ट्रीय सांप्रदायिक सद्भावना पुरस्कार 2013 के लिए चुना गया। व्यक्तिगत श्रेणी में दिल्ली के डॉ. मोहिन्दर सिंह और केरल के एन राधाकृष्णन को चुना गया। मोहिन्दर सिंह एक विद्वान होने के साथ राष्ट्रीय अलपसंख्यक शिक्षण संस्थान आयोग के वर्तमान सदस्य भी हैं। 1984 में अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ उन्होंने दिल्ली में सिक्ख विरोधी दंगों के मद्देनजर राहत शिविरों का आयोजन किया था और हिन्दूओं और सिक्खों के बीच दोस्ती कायम करने में मदद की थी। डॉ. एन राधाकृष्णन एक गांधीवादी विद्वान और शांति दूत हैं। इन्होंने गांधीग्राम विश्वविद्यालय में शांति सेना कार्यक्रम की शुरुआत की थी और इसे देश के अन्य हिस्सों तक पहुंचाया। ये तमिलनाडु और केरल के सांप्रदायिक तनाव वाले क्षेत्रों में शांति बहाल करने के लिए सक्रिय रूप से काम करते रहे हैं।

27

- अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के उपराज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल ए के सिंह।
- टाटा मोटर्स के प्रबंध निदेशक कार्ल स्लिम का बैंकॉक में निधन हो गया। वह कंपनी की थाइलैंड इकाई की बोर्ड बैठक में भाग लेने के लिए वहां गए थे। थाईलैंड पुलिस ने आज संकेत दिया कि टाटा मोटर्स के प्रबंध निदेशक कार्ल स्लिम ने शायद आत्महत्या की है।
- वित्त मंत्री पी चिदंबरम द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संवर्धन बैठक के लिए सउदी अरब की दो दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए। मंत्री रियाद में तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग पर संयुक्त समिति की 10वीं बैठक में हिस्सा लेंगे।
- यूएनडब्ल्यूटीओ ने सीएनएन के रिचर्ड क्वेस्ट को 2013 का यूएनडब्ल्यूटीओ लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया। यह अवार्ड उन्हें पर्यटन-उद्योग की रिपोर्टिंग करने वाले बिजनेस-पत्रकार के रूप में उनके कार्य को मान्यता प्रदान करने के लिए दिया गया। रिचर्ड क्वेस्ट सीएनएन के ध्वजवाहक दैनिक बिजनेस कार्यक्रम 'क्वेस्ट

www.crackgpsc.com

मीन्स बिजनेस' और मासिक 'सीएनएन बिजनेस ट्रैवलर' के प्रस्तुतकर्ता हैं, जिनमें विश्वभर से व्यावसायिक मामले कवर किए जाते हैं।


- पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान राहुल द्रविड़ गोस्पोर्ट्स फाउंडेशन के साथ जुड़े जिसका लक्ष्य भारतीय जूनियर ओलंपिक और परालंपिक एथलीटों का विकास और उन्हें सलाह मुहैया कराना है।
- ओडिसा का छत्रपुर बिजली आपूर्ति प्रणाली में नवीन तकनीक के साथ पहला 'स्मार्ट ग्रिड शहर' बनने जा रहा है। यह प्रणाली उच्च गति के चक्रवात और 350 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाओं को झेलने में सक्षम है। एशियन विकास बैंक द्वारा आर्थिक सहायता से इस परियोजना को गंजाम जिलें के मुख्यालय पर प्रयोग के तौर शुरू किया जायेगा जहां चक्रवात की प्रबल संभावना बनी रहती है।
- आपने बगावत पर उतर आए अपने विधायक विनोद कुमार बिन्नी को निष्कासित कर दिया है। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ बिन्नी के जुबानी हमलों के करीब 10 दिन बाद पार्टी ने उन्हें निष्कासित किया है।
- केंद्र सरकार ने जानवरों पर कॉस्मेटिक कंपनियों के परीक्षण पर प्रतिबंध लगा दिया।
- सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स और गूगल इंक ने अपने वैश्विक पेटेंटों के लिए क्रॉस लाइसेंस हेतु समझौता किया। इसका उद्देश्य बौद्धिक संपत्ति पर महंगे कानूनी विवादों के जोखिम को कम करना है। सैमसंग और गूगल मिलकर काम करते हैं क्योंकि सैमसंग गूगल की एंड्रॉयड मोबाइन ऑपरेटिंग सिस्टम का इस्तेमाल करता है।

28

- स्विस घड़ी की संस्थापक रेमंड वेल का निधन।
- आरबीआई ने रेपो दर 0.25% बढ़ाकर 8% कर दिया है, साथ ही नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में कोई बदलाव नहीं किया है, उसे 4% पर बरकरार रखा है। रिवर्स रेपो दर 6.75% है। रेपो दर वह दर होती है, जिस पर वाणिज्यिक बैंक आरबीआई से अल्पावधिक ऋण लेते हैं। रिवर्स रेपो दर वह दर होती है, जिस पर वाणिज्यिक बैंक सीमा से अधिक धन आरबीआई में रखते हैं।
- बेंगलौर भारत का पहला शहर हो गया जहाँ आम जनता के लिए नि:शुल्क वाई-फाई सुविधा वाले स्पाट्स उपलब्ध कराए गए। कर्नाटक सरकार के आईटी, बायोटेक्नोलाजी, विज्ञान व तकनीकी मंत्रालय ने नम्मा वाई-फाई के नाम से शहर के 6 स्थानों पर

वाई-फाई स्पाट्स उपलब्ध कराए हैं। इसके तहत शुरू में अधिकतम तीन घण्टे अथवा 50 MB डाटा लोगों को उपलब्ध कराया जायेगा। एक वाई-फाई स्पाट पर 23 एक्सेस केन्द्र बनाए जायेंगे जिसका इस्तेमाल कर एक बार में 2,000 लोग मुफ्त इंटरनेट एक्सेस कर पायेंगे। इस सुविधा को हासिल करने के लिए लोगों को नम्मा वाई-फाई सेवा में अपना पंजीकरण करा कर लाग-इन तथा पासवर्ड हासिल करना होगा।

- RBI ने ई-गवर्नेन्स सेवाएं उपलब्ध कराने वाली कम्पनी वकरांगी लिमिटेड को भारत में व्हाइट लेबल ATM (WLA) संचालित करने के लिए लाइसेंस प्रदान किया है। RBI द्वारा कम्पनी को दिए गए लाइसेंस के अंतर्गत कम्पनी को आगामी 3 साल के भीतर देश भर में 15,000 व्हाइट लेबल ATM स्थापित करने होंगे। उल्लेखनीय है कि व्हाइट लेबल ATM वे ATM होते हैं जो बैंकों के बजाय गैर-बैंकिंग कम्पनियों द्वारा संचालित किए जाते हैं। इसके लिए लाइसेंस प्राप्त करने वाली कम्पनी को की सभी कड़ी शर्तों का अनुपालन करना होता है तथा उसे अधिकार होता है कि वह अपने ब्राण्ड का नाम इस ATM सेवा को दे जैसे वकरांगी ATM।
- भारत के नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने विशाल विमान एयरबस A 380 के भारत में संचालन करने की मंजूरी प्रदान करते हुए इसके संचालन के लिए देश के चार हवाई अड्डे दिल्ली, मुम्बई, हैदराबाद और बैंगलौर को अनुमति प्रदान की।
- ट्यूनीशिया की राष्ट्रीय संविधान सभा ने पिछले दो साल से तैयार किए जा रहे संविधान को प्रचण्ड बहुमत से अपनी स्वीकृति दे दी। उत्तरी-अफ्रीकी देश ट्यूनीशियाकी जनता ने वर्ष 2011 के दौरान अपने देश के तानाशाह शासक का तख्ता पलट कर पूरे क्षेत्र में अरब-क्रांति आगाज़ किया था। इस नए संविधान का मसौदा देश में मौलिक स्वतंत्रता और लैंगिक समानता की बात करता है। ट्यूनीशिया के इस नए प्रस्तावित संविधान को अरब जगत का अब तक का सबसे विकासोन्मुख तथा खुला संविधान माना जा रहा है।



www.crackgpsc.com

- इंडिया प्रीमियर लीग (आईपीएल) की खिलाड़ियों की आगामी नीलामी का संचालन रिचर्ड मेडले करेंगे जो इंग्लैंड के पेशेवर नीलामीकर्ता हैं।

29

- अमेरिकी वाणिज्य चैंबर ने अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा (आईपी) सूचकांक जारी किया। आईपी सूचकांक में भारत को अधिकतम 30 अंक में से न्यूनतम 7 अंक प्राप्त हुए।
- यूक्रेन के प्रधानमंत्री निकोलाई एजारोव ने देश में हो रहे खूनी संघर्षों एवं विरोध-प्रदर्शनों को देखते हुए अपने पद से इस्तीफा दिया। यूक्रेन के राष्ट्रपति विक्टर यानोकोविच है। यूक्रेन की संसद ने देश में लागू किए गए प्रदर्शन विरोधी नियमों को खत्म कर दिया गया। इसके तहत देश में विरोध प्रदर्शनों पर सख्ती के लिए जो नए नियम लागू किए गए थे, उनमें भी छूट दी गयी।
- भारत ने गोवा में आयोजित लुसोफोनिया खेल 2014 में अंगोला को हरा कर पुरुष वर्ग में बास्केटबॉल का स्वर्ण पदक जीता। महिला वर्ग में मोजाम्बिक ने अंगोला को हरा कर स्वर्ण पदक जीता। भारतं ने महिला वर्ग में कांस्य पदक जीता।
- अजॉय मिश्रा को टाटा ग्लोबल बेवरेज लिमिटेड के सीईओ और प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति 1 अप्रैल 2014 से प्रभावी होनी है।
- उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने समाजवादी पेंशन योजना को मंजूरी प्रदान की। समाजवादी पेंशन योजना के तहत चयनित परिवार को हर महीने ई-पेमेंट के माध्यम से 500 रुपये प्रति माह पेंशन मिलेगी। योजना की निर्धारित शर्तों को पूरा करने पर प्रतिवर्ष पेंशन में 50 रुपये की बढ़ोत्तरी करने का प्रावधान है, लेकिन पेंशन की अधिकतम राशि 750 रुपये होगी। समाजवादी पेंशन योजना उत्तर प्रदेश में पहले से चल रही रानी लक्ष्मीबाई पेंशन योजना का स्थान लेगी।
- रूस एवं चीन के मध्य युद्ध खेल का आयोजन भूमध्यसागर में हुआ।
- लूसोफोनिया खेल-2014 की पुरुषों की 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने वाले सुमित मलिक से उनका पदक वापस ले लिया गया। इसका कारण सुमित मलिक द्वारा डोपिंग के नियमों का उल्लंघन करने और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा अंतरिम निलंबन के बावजूद लूसोफोनिया खेलों में अवैध रूप से भाग लेना रहा।
- सीबीडीटी ने ओलंपिक, राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के पदक विजेताओं व पुरस्कृत खिलाड़ियों हेतु आयकर में छूट की घोषणा की।

www.crackgpsc.com

- सुप्रसिद्ध इंटरनेट व आईटी कम्पनी गूगल (Google Inc.) ने घोषणा की कि वह अपने स्वामित्व वाला मोटरोला स्मार्टफोन व्यवसाय (मोटरोला मोबिलिटी) चीन की कम्पनी लिनोवो को 2.9 अरब डालर में बेच रही है। गूगल ने वर्ष 2012 में मोटरोला मोबिलिटी को 12.4 अरब डालर मूल्य पर खरीदा था। गूगल द्वारा मोटरोला को खरीदे जाने के बाद से मोटरोला को 2 अरब डालर का और नुक्सान हुआ है जिससे कर्मचारियों की संख्या को 20,000 से घटा कर मात्र 3,800 कर दिया गया है।

30

- आईसीसी ने महिला क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए एक नई चैम्पियनशिप अंतरराष्ट्रीय महिला चैम्पियनशिप शुरू किए जाने को मंजूरी दी। हर दो साल में होने वाली इस प्रतियोगिता में रैंकिंग में चोटी की 8 टीमें भाग लेंगी।
- प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने दिल्ली स्थित केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम राष्ट्रीय वक्फ विकास निगम लिमिटेड (एनएडब्ल्यू एडीसीओ) का उद्घाटन किया। यह अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के अधीन कार्य करेगा। राष्ट्रीय वक्फ विकास निगम लिमिटेड (एनएडब्ल्यू एडीसीओ) की स्थापना 500 करोड़ रुपये की अधिकृत शेयर पूंजी के साथ की गई। इस निगम की स्थापना सच्चर समिति की सिफारिशों के आधार पर की गई है। सच्चर समिति की सिफारिशों में कहा गया है कि अगर वक्फ बोर्ड की संपत्तियों का सही तरीके से विकास किया जाए तो इससे सालाना 12000 करोड़ रुपये की आमदनी हो सकती है।
- गांधीजी की 66 वीं पुण्यतिथि पर अपने तरह का पहला वेब पोर्टल 'महात्मा गांधी फॉर चिल्ड्रेन' लांच किया गया। सर्च फोर गांधी पोर्टल 6 साल से लेकर 15 साल तक के बच्चों के लिए है तथा यह अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है।
- भारत में सक्रिय अलगाववादी संगठन उल्फा के शांति वार्ता विरोधी गुट के नेता परेश बरूआ और 13 अन्य को बांग्लादेश की अदालत ने वर्ष 2004 में हथियारों की तस्करी के एक मामले में मौत की सजा सुनाई।



www.crackgpsc.com

- संयुक्त राष्ट्र की 2013-14 एजुकेशन फॉर ऑल ग्लोबल मॉनिटरिंग रिपोर्ट के मुताबिक भारत में निरक्षर वयस्कों की संख्या सबसे ज्यादा यानी 28.70 करोड है और यह संख्या वैश्विक संख्या का 37% है।
- फिल्मनिर्माताओं विजया मुलाय और संजय बारेला को प्रकृति और संरक्षण विषयो पर फिल्मों में योगदान के लिए क्रमश: सीएमएस लाइफटाइम एचीवमेंट एवार्ड और सीएमएस वातावरण पृथ्वीराज एवार्ड से सम्मानित किया गया।
- हीरो माटोकॉर्प ने अपनी 150 सीसी की हाइब्रिड डीजल कॉन्सेप्ट वाली बाइक आरएनटी 29 को लांच किया।
- रिज़र्व बैंक ऑफ़ जिम्बाब्वे ने भारतीय रुपये के साथ ही चीन, जापान और ऑस्ट्रेलिया की मुद्रा को देश में परिचालित किए जाने वाले मुद्रा-समूह में शामिल किया।
- सुपर 30 कक्षाओं के संस्थापक गणितज्ञ आनंद कुमार को वर्ष 2014 के रामानुजन गणित पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें राजकोट में आयोजित आठवीं राष्ट्रीय गणित कन्वेंशन में दिया गया। यह संस्था वंचितों परिवारों में से चयनित 30 छात्रों को आईआईटी जेईई प्रवेश परीक्षा में नि:शुल्क आवासीय एवं कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराती है। इस संस्था को टाइम पत्रिका ने वर्ष 2010 में एशिया की सर्वश्रेष्ठ सूची में शामिल किया था।

31

- हिन्दी के कथाकार संजीव को वर्ष 2013 का श्रीलाल शुक्ल स्मृति इफको साहित्य सम्मान से सम्मानित किया गया।
- पूरे देश में सार्वजनिक पुस्तकालय के संसाधन एवं सामग्रियों को अब इंटरनेट पर एक बटन क्लिक करके देखा जा सकता है। राष्ट्रीय पुस्तकालन मिशन (एनएमएल) के तहत देश के 34 हजार पुस्तकालों को इस पहल के दायरे में लाया जा रहा है।
- भारत और फिजी ने दोहरे कर से बचने के समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- सरकार ने कल एक फैसले में एक साल में मिलने वाले सब्सिडी के रसोई गैस सिलिंडरों की संख्या 9 से बढ़ा कर 12 कर दी थी। यह फैसला हालांकि अप्रैल 2014 से लागू होगा।
- भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धौनी एकदिवसीय क्रिकेट में 8000 रन पूरे करने वाले भारत के सातवें और विश्व के 26वें बल्लेबाज बने। वह यह कारनामा करने वाले चौथे सबसे तेज बल्लेबाज भी बन गए हैं।

www.crackgpsc.com

- इण्डिया पोस्ट ने अपनी महात्वाकांक्षी योजना की घोषणा करते हुए बताया कि वह अपने खाता-धारकों के लिए देश भर में स्थित अपने डाकघरों में 3,000 ATM तथा 1.35 माइक्रो एटीएम मशीनें लगाएगा। इस योजना की शुरूआत 5 फरवरी 2014 को दिल्ली, चेन्नई और बैंगलौर में ATM मशीनों की स्थापना से की जायेगी तथा इस योजना को आगे विस्तारित किया जायेगा। इस महात्वाकांक्षी को पूरा करने के लिए इण्डिया पोस्ट ने सितम्बर 2015 समयसीमा तय की है। उल्लेखनीय है कि इस योजना के तहत इण्डिया पोस्ट पहले साल में लगभग 1,000 ATM लगाने की तैयारी कर रहा है। शुरू में ATM की यह सुविधा इण्डिया पोस्ट के अपने खाता-धारकों को ही प्रदान की जायेगी तथा बाद में भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) की अनुमति मिल जाने के बाद इस सुविधा को अन्य बैंकों के ग्राहकों के लिए खोल दिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि भारत में इस समय डाक विभाग के तहत होने वाली बचत का कुल मूल्य लगभग 6.05 खरब रुपए है जोकि भारत के सबसे बड़े बैंक SBI में जमा जनता की कुल बचत का लगभग आधा है तथा यह देश के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक ICICI बैंक से दोगुना है।
- उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा का त्यागपत्र।
- तीन प्रमुख सेवाओ भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा और भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी अब हर नियुक्ति के दौरान कम से कम दो साल एक पद पर रहेंगे।
- हैदाराबाद की जीवीके बायो (GVक़ BIO) ने अमेरिका के प्री - क्लिनिकल कॉन्ट्रैक्ट रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (पूर्व - नैदानिक अनुबंध अनुसंधान संगठन - सीआरओ) अराजेन बायोसाइंस के अधिग्रहण के लिए समझौता किया और उसके 65% हिस्सेदारी खरीदने की घोषणा की।
- खगोलविदों ने अंतरिक्ष में बहती हाइड्रोजन की एक नदी की खोज की। वैज्ञानिकों ने नेशनल साइंस फाउंडेशन्स रॉबर्ट सी. बायर्ड की ग्रीन बैंक टेलिस्कोप (जीबीटी) का इस्तेमाल कर अभी तक कभी न देखी गयी इस नदी की खोज की। नदी एनजीसी 6946 नामक आकाशगंगा के निकट बह रही है और पृथ्वी से लगभग 22 मिलियन प्रकाशवर्ष दूर है। वैज्ञानिकों के दल का नेतृत्व वेस्ट वर्जीनिया यूनिवर्सिटी के डी.जे. पिसानो ने किया।
- राजस्थान में विश्व के अब तक के सबसे बड़े 4,000 मेगावाट के सौर ऊर्जा केन्द्र की स्थापना के लिए देश में अपनी तरह के पहले संयुक्त उपक्रम स्थापित करने की घोषणा की गई। इसके तहत भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड और पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इण्डिया समेत कुल 6 सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (PSUs) राजस्थान में यह विशाल

www.crackgpsc.com

सौर ऊर्जा केन्द्र स्थापित करने के लिए एक संयुक्त उपक्रम स्थापित करेंगे। इस परियोजना के अंतर्गत राजस्थान के सांभर में 19,000 एकड़ क्षेत्र में इस सौर ऊर्जा केन्द्र को लगाया जायेगा। इस संयुक्त उपक्रम में हिस्सेदारी - भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स (BHEL) 26%, भारत सौर ऊर्जा निगम (SECI) 23%, सांभर साल्ट लिमिटेड (SSL) 16%, पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड (PGCIL) 16%।




www.crackgpsc.com